भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.09.2023

आरेडिका को मिला ग्रीनको प्लेटिनम अवार्ड 2023–26

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा औद्योगिक उत्पादन के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए वर्ष 2023 से 2026 तक तीन वर्षों के लिए ग्रीनको प्लेटीनम रेटिंग प्रदान की गयी है।

ग्रीनको रेटिंग प्रणाली सीआईआई – प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विश्व स्तरीय सलाहकार सेवाएं प्रदान करता है। इस दिशा में सीआईआई द्वारा उठाया गया एक बड़ा कदम, कंपनियों के लिए ग्रीनको रेटिंग देना है।

ग्रीनको रेटिंग दुनिया में अपनी तरह का पहला समग्र ढांचा है जो लाइफ साइकिल एसेसमेंट (उत्पाद डिजाइन, प्रयुक्त सामग्री, खरीद, विक्रेता प्रबंधन, रसद, पैकेजिंग, विनिर्माण, वितरण, उत्पाद का उपयोग, निपटान और पुनर्चक्रण) का उपयोग करके कंपनियों की पर्यावरण अनुकूलनता का मूल्यांकन करता है। ग्रीनको रेटिंग का कार्यान्वयन कंपनियों को उत्पादों, सेवाओं और संचालन को हरित बनाने के लिए नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करना है। उद्योग कर्मियों को नवीनतम हरित अवधारणाओं पर प्रशिक्षित किया जाता है और बेहतर प्रणालियों को लागू करने और हरित क्षेत्र में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने की सुविधा प्रदान की जाती है।

रेटिंग प्रणाली निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर कंपनियों की हरित विशेषताओं का मूल्यांकन करती है ।

1. ऊर्जा दक्षता
2. जल संरक्षण
3. नवीकरणीय ऊर्जा
4. ग्रीन हाउस गैसों का शमन
5. अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन

6. सामग्री संरक्षण, और पुनर्चक्रण

7. हरित आपूर्ति श्रृंखला

8. उत्पाद प्रबंधन – जीवन चक्र मूल्यांकन

9. हरित भवन सुविधाएँ, जैव विविधता और नवाचार

उपरोक्त बिन्दुओं के सीआईआई द्वारा किए गए मूल्यांकन मे आरेडिका रायबरेली को ग्रीनको सिस्टम मे "प्लैटिनम" रेटिंग प्राप्त हुआ है। आरेडिका रेलवे में प्रथम उत्पादन इकाई है जिसने ग्रीनको सिस्टम मे "प्लैटिनम" रेटिंग प्राप्त किया हैं तथा आरेडिका को यह लगातार द्वितीय बार प्राप्त हुआ हैं ।

आरेडिका महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि कोचों के उत्पादन के साथ हमेशा हमारा प्रयास इस ओर रहा है कि आस–पास के वातावरण पर किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव न पड़े इसी लिए कारखाना परिसर में बृहद स्तर पर हरे–भरे पेड़ों का रोपण कार्य किया गया और ऊर्जा के लिए अन्य नवकरणीय रूपों को चुना गया और आगे भी इस प्रकार के प्रयास लगातार जारी हैं।

09/9/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी